पूर्वोत्तर रेलवे
ज्ञापन

इस कार्यालय के समसंख्यक अधिसूचना दिनांक11.10.21, 06.12.21, 10.11.21, 18.01.22, के आलोक में इन्जी0 विभाग के 15 प्रतिशत इण्टर अप्रेण्टिस कोटा के अन्तर्गत जेई/कार्य ग्रेड पे 4200,लेवल–06 की पदोन्नति लिखित परीक्षा का कार्यकम निम्नवत हैः–

लिखित परीक्षा तिथि एवं समय–दिनांक 07.12.22, प्रातः–11:00 बजे।

रिपोटिंग समय –प्रातः–10:00 बजे।

स्थान –कार्यालय मरेप्र/लखनऊ मण्डल पू0उ0रे0।

सभी पात्र/अपात्र कर्मचारियों की सूची समसंख्यक संशोधित अधिसूचना दिनांक 18.01.22 द्वारा प्रकाशित की जा चुकी है जिसकी छायाप्रति पुनः संलग्न है। उपरोक्तानुसार सभी नियन्त्रक अधिकारी, कृपया अपने अधीन कार्यरत सभी पात्र कर्मचारियों को समय से कार्यमुक्त करने की व्यवस्था करें।

यह ध्यान में रखा जाये कि अनुपस्थित लिखित परीक्षा किसी भी दशा में नहीं होगी। यदि कोई अभ्यर्थी जानकारी के अभाव में लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित रह जाता है तो इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी सम्बंधित पर्यवेक्षक/नियंत्रक अधिकारी की होगी, अतः कृपया उपरोक्त सूची में अंकित सभी कर्मचारियों को परीक्षा तिथि एवं कार्यक्रम से अवगत करा दिया जाये। कर्मचारी के विरमन पत्र पर उसके नवीनतम फोटो एवं हस्ताक्षर भी नियंत्रक अधिकारी द्वारा सत्यापित किये जाये। अन्य सभी नियम एवं शर्ते यथावत रहेंगी।

अन्य नियम एवं शर्ते निम्नवत है-:

1.लिखित परीक्षा OMR शीट पर होगी ।

2.चयन का आधार मेरिट होगा।

3.परीक्षा नकारात्मक मूल्यांकन पर आधारित होगा ।प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1/3अंक काटे जायेंगे।

4.लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होने हेतु 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। 15 अंक सर्विस रिकॉर्ड का होगा।

5.आवेदक लिखित परीक्षा में OMR शीट पर केवल काले या नीले बॉल पेन का ही प्रयोग करेंगे ।इसके अलावा किसी भी दशा में पेंसिल,रबर,ब्लेड,व्हाइटनर या अन्य साधन का प्रयोग प्रतिबंधित है।

6.आवेदक लिखित परीक्षा में जो प्रश्न हल नहीं करना चाहता है, OMR शीट पर उस प्रश्न संख्या एवं उसके सभी विकल्पों को एक सीधी लाइन से काट(STRIKE OFF),देगा ,ताकि हल(SOLVE)किये गए एवं हल ना किये गए(UNSOLVED)प्रश्नों की स्पष्ट पहचान हो सके ।

7.OMR SHEET पर प्रश्नों को हल करने के दौरान चारो विकल्पों में से सिर्फ एक विकल्प चुनने की अनुमति होगी ।एक प्रश्न को हल (SOLVE)करने में एक विकल्प से अधिक विकल्प का चयन करना अथवा विकल्प/विकल्पों में CUTTING, OVERWRITING ,ERASING इत्यादि की अनुमति नहीं होगी।

8.OMR शीट पर किसी भी प्रकार का चिन्ह बनाना,कोई भी नाम लिखना,कही से भी फाड़ना अथवा कोई ऐसा कृत्य जिससे कॉपी की पहचान हो जाये, किये जाने की दशा में उस OMR SHEET को मूल्यांकित नहीं किया जायेगा ।

9.आवेदक परीक्षा समाप्त होने के बाद भी परीक्षक/कक्ष निरीक्षक की अनुमति के पश्चात ही परीक्षा कक्ष से बाहर जा सकेंगे।

10.यदि कोई आवेदक/कर्मचारी निर्देशों का उल्लंघन करने,किसी प्रकार के अनुचित साधन का प्रयोग करने अथवा परीक्षा के दौरान अनुशासनहीनता करते हुए पाया जाता है तो उसके विरुद्ध रेल सेवक (अनु.,एवं अपील नियम1968)के अंतर्गत कार्यवाही सुनिश्चित की जा सकती है ।

01/12/22

11.उपरोक्त के साथ साथ आवेदकों को लिखित परीक्षा के दिन प्रश्न पत्र में अंकित निर्देशों एवं उत्तर पुस्तिका (OMR SHEET) के साथ संलग्न निर्देशों का भी अनुपालन अनिवार्य होगा।

12.उपरोक्त के साथ साथ इस सम्बन्ध में पूर्ववत जारी किये गए निर्देश यथावत रहेंगे।

उपरोक्त सम्बन्ध में यदि किसी कर्मचारी को कोई आपत्ति हो तो कृपया सम्बंधित साक्ष्यों के साथ अपना शिकायत/परिवाद तीन दिनों की समयसीमा के अंतर्गत इस कार्यालय को उपलब्ध करा दे। तीन दिनों की समयसीमा के पश्चात् अथवा लिखित परीक्षा समाप्त होने के पश्चात् प्राप्त परिवाद/शिकायतों पर कोई कार्यवाही नहीं की जाएगी।

यह ज्ञापन पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ मंडल की वेबसाइट सं www.ner.indianrailways.gov.in/पर भी अपलोड किया गया है।

(दयाशंकर प्रसाद)
सकाधि / ।।
कृते मंण्डल रेल प्रबंधक / कार्मिक
लखनऊ
दिनांक—01.12.2022

सं0ई0 / ।। / 254 / इन्जी0 / जेई / कार्य / 15 प्रतिशत इन्टर अप्रेन्टिस

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1—महाप्रबन्धक / सर्तकता / पूउरे / गोरखपुर

2—वंमई / समंवय

3—वमंकाधि / पूउरे / लजं0

4—वमई / ।,।।,।।। एवं सामान्य लजं0

5—समस्त सीसेई / कार्य एवं सीसेई / पीवे लखनऊ मंडल।

6—समस्त समई / सनई / लखनऊ मंडल।

7—मंरेप्र / इन्जी0 कन्ट्रोल / लजं0 के माध्यम से सूची में अंकित सभी कर्मचारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

8—मंडल मन्त्री / नर्मू / एससी / एसटी एवं ओबीसी / एशो0 / लजं

9—गोपनीय सहायक / वमंकाधि / लजं0 कृप्या इसे पूर्वोत्तर रेलवे / लखनऊ मण्डल की वेबसाइट पर अपलोड करने की भी व्यवस्था करें।

01/12/22

कृते मंण्डल रेल प्रबंधक / कार्मिक
लखनऊ